Bank of Rajasthan Retired Staff Association

M . C . BARLA
President
Phone : 420800

1-K - 7, Dadabari, KOTA - 324009

J . P . GOYAL
Secretary
Phone : 425769

Ref. No. परिपत्र संख्या –8 / 99

Date 1 जनवरी 1999

प्रिय साथियो,

नव वर्ष के शुभ अवसर पर आपके एवं परिवार के सभी सदस्यों के सुख स्वास्थ्य एवं समृद्धि की शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई।

आपको भली भांति विदित ही है, कि प्रारम्भ में जिन परिस्थितियों में 1 जनवरी 1997 से 80 प्रतिशत एडहोक पेंशन प्रारम्भ हुई थी, और तत्पश्चात उसे शत प्रतिशत कर दिया गया था, जो अब नियमित रुप से सभी सदस्यों को प्राप्त हो रही है, इसी प्रकार से पारिवारिक पेंशन का भुगतान भी प्रारम्भ हो चुका है, तथा अब तक 30 परिवारो को तो नियमित भुगतान मिलना प्रारम्भ हो गया है, और लगभग 35 अन्य को भी शीघ्र ही मिलना प्रारम्भ हो जायगा।

जहाँ तक पिछले बकाया (Arrear) के भुगतान का प्रश्न है, अब तक बैंक प्रबन्धको द्वारा बताई जाने वाली इन्कमटेक्स की बाधा समाप्त हो गई है, और बैंक को पेंशन ट्रस्ट फन्ड बनाने हेतु स्वीकृति मिल गई है। जिसके लिए बैंक द्वारा प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है, तथा उम्मीद है कि शीघ्र ही बोर्ड मीटिंग में इसकी स्वीकृति प्राप्त कर बैंक द्वारा पुराने Arrear का भुगतान कर दिया जायगा।

इन सब प्रयासो एवं सफलताओं के उपरान्त भी संभवतया कुछ साथी संतुष्ट नहीं है और वे भ्रांति फैलाकर कुछ अन्य सदस्यो को गुमराह कर असंतोष पैदा करने का प्रयत्न कर रहे है कि एसोसियेशन की और से अभी तक कोई उपलब्धि नहीं हो सकी है, जब कि सचाई यह है, कि अधिकांश सदस्यों की और से हमें पूर्ण सहयोग, समर्थन एवं मार्गदर्शन मिल रहा है और वे सभी पूर्णतया संतुष्ट है अतः जिन सदस्यों को एसोसियेशन द्वारा की जा रही कार्यवाही में किसी भी प्रकार की कमी का संदेह हो तो अपने स्वयं की संतुष्टि के लिए वे यदि स्वयं इस सम्बन्ध में उच्चस्तरीय जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न कर सके तो अधिक उपयुक्त रहे और स्वतः ही सारी शंकाए और भ्रांतिया दूर हो जाये।

1जनवरी 1986 के पूर्व रिटायर होने वाले साथियों के लिए भी शुभ समाचार है कि भारत सरकार के नोटीफिकेशन दिनांक 26-11-98 के अनुसार वे भी 1-11-97 से ही फिलहाल एक्स ग्रेशिया रिलीफ प्राप्त करने के अधिकारी हो गए है, अतः ऐसे सभी साथियो को अपनी जन्म तिथी बैंक में प्रवेश एवं अवकाश ग्रहण करने की तिथी तथा जिस शाखा से अवकाश ग्रहण किया है उसका नाम यदि सूचित करते हुए बैंक के पेंशन विभाग केन्द्रीय कार्यालय जयपुर से सम्पर्क करना चाहिए, यदि वे चाहे तो हम भी अपनी और से उन्हे पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर है।

पिछले सितम्बर माह में जो साधारण सभा की बैठक बुलाया जाना प्रस्तावित था उस सम्बन्ध में हमें विभिन्न स्थानों से अनेक सदस्यों का यह मत एवं सुझाव मिलने पर कि फिलहाल पिछले Arrear के भुगतान पर अधिक ध्यान दिया जाय, साधारण सभा की बैठक को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया था अब शीघ्र ही उस सम्बन्ध में निर्णय लिया जाकर आपको सूचित किया जायगा अतः इस बीच साधारण सभा के लिए कार्य प्रणाली एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में भी अपने सुझावों से हमें सहयोग देने का कष्ट करें।

अपने एसोसियेशन के रजिस्ट्रेशन तथा अखिल भारतीय रिटायर्ड बैंक स्टाफ एसोसियेशन से Affiliation के लिए भी प्रयास चल रहे है।

संगठन के व्यापक हित एवं सुद्धढ़ स्थिति की दृष्टि से ही सभी सदस्यों से उनको मिलने वाली प्रतिमाह पेंशन के 10% लेवी के लिए प्रस्ताव किया गया था जिससे उनको भविष्य में वार्षिक शुल्क देने की आवश्यकता न रहे और उसी से उनकी आजीवन सदस्यता मान ली जाए, अतः जिन सदस्यो ने अभी तक लेवी का भुगतान नहीं किया है वे शीघ्र ही भिजवाने का ध्यान रखे ताकि शीघ्र ही प्रकाशित की जाने वाली आजीवन सदस्यों की सूचि में उनके नामों की प्रविष्टि हो जाय ।

पूर्ण सदभाव के साथ आपके सहयोग की आशा में।

आपके साथी

(एम॰ सी॰ बरला)
अध्यक्ष

(जे॰ पी॰ गोयल)
सचिव